C M Y K
Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में सोमवार
सायं 5:27 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सुबह 6:26 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 165 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | सोमवार, 22 दिसंबर 2025

प्रियंका चोपड़ा के साथ बॉलीवुड...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### सट्टा खेलता एक गिरफ्तार, 1390 की नकदी बरामद

हल्द्वानी। वनभूलपुरा पुलिस ने एक आरोपी को सट्टे की खाईबाड़ी करते हुए रंगेहाथ धर दबोचा। उसके खिलाफ गैम्बलिंग एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।
वनभूलपुरा थाना पुलिस क्षेत्र में गश्त पर थी। चौकिंग के दौरान जब पुलिस इन्द्रानगर फाटक के पास सट्टे की खाईबाड़ी करते हुए एक व्यक्ति को पकड़ लिया। पूछताछ में पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम नईम पुत्र स्वर्गीय सरदार बली निवासी नूरी मस्जिद के पास इन्द्रानगर बनभूलपुर बताया। तलाशी के दौरान उसके पास से सट्टा पर्ची और 1390 रूपए की नगदी बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया गया।

### दुकान पर बैठा युवक पर जान लेवा हमला, लहूलुहान

रुद्रपुर। कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर मारपीट व जान से मारने की धमकी के आरोप में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस के मुताबिक इंदिरा कॉलोनी रामलीला मैदान के पास स्थित एक दुकान पर 20 दिसंबर की शाम करीब 4:30 बजे उस समय घटना हुई, जब दुकानदार का छोटा बेटा आर्यन सिंह दुकान पर बैठा था। आरोप है कि इसी दौरान हैरी खैरा अपने दो अन्य साथियों के साथ दुकान पर पहुंचा और आर्यन सिंह के साथ गाली-गलौच करने लगा। विरोध करने पर आरोपियों ने आर्यन सिंह के सिर पर कृपाण से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर लहूलुहान हो गया।घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। तहरीर में इस पूरे घटनाक्रम में हर्षद्वीप की भूमिका होने की भी बात कही गई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। एसएसआई अनिल जोशी का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और आरोपियों की तलाश के लिए प्रयास तेज कर दिए गए हैं। जल्द ही आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## स्कूल पहुंचा भालू, सहमे बच्चे, कमरों में छिपे, दरवाजा तोड़ एक मासूम को उठाया

चमोली
हमारे संवाददाता

चमोली जिले के पोखरी में जूनियर हाईस्कूल हरिशंकर में हुई घटना से यहां हर कोई सहमा हुआ है। स्कूल में अचानक भालू धमक गया। भयभीत बच्चे कमरों में जा छिपे। भालू ने दरवाजा तोड़ने की कोशिश की। और एक मासूम को उठा ले गया।
चमोली जिले के पोखरी में आज सोमवार सुबह भालू एक स्कूल से बच्चे को उठा ले गया। गनीमत रही कि शिक्षकों और अन्य बच्चों ने तत्परता दिखाते हुए बच्चे की जान बचा ली। झाड़ियों से बच्चे को निकाला गया। उस पर नाखूनों के निशान आए हैं। जूनियर हाईस्कूल





हरिशंकर में उस वक्त अफरातफरी मच गई जब कक्षा छह के छात्र आरव को भालू उठा ले गया। यह देख अन्य बच्चे दहशत में आ गए। बच्चे कमरे में छिपे तो भालू ने दरवाजा तोड़ने की भी कोशिश की है। अपने साथी पर भालू को हमला करता देख कुछ बच्चों और शिक्षकों ने हिम्मत दिखाई और उसे बचाने के लिए दौड़ पड़े। बच्चों और शिक्षकों की हिम्मत से आरव की जान तो बच गई, लेकिन स्कूल में भय का माहौल है। सभी सहमे हुए हैं। आरव का हाल और स्कूल में ऐसा मंजर देख बच्चे रोते बिलखने लगे। दो दिन पहले इसी स्कूल के एक छात्र पर रास्ते में भालू ने हमला किया था। आज भालू स्कूल परिसर में आ गए।

### वन प्रहरियों के साथ स्कूल जा रहे बच्चे

जौलीग्रांट में थानो वन रेंज के अंतर्गत पहाड़ी क्षेत्रों में भालू के आतंक को देखते हुए वन प्रहरियों के साथ बच्चों को स्कूल भेजा जा रहा है। कुछ दिन पहले ही गडूल पंचायत के कमेठ (सोड) गांव में दो भालुओं ने खेत में घास लेने गई महिला को गंभीर रूप से घायल कर दिया था। जिसके बाद पूरे क्षेत्र में भय का माहौल है। खासकर स्कूल जाने वाले बच्चों और चारा पत्ती लेने के लिए जंगल जाने वाली महिलाओं को काफी खतरा हो गया है। जिस कारण थानो वन रेंज द्वारा वन प्रहरियों की छह सदस्यीय एक टीम गठित की गई है। यह टीम भालू संभावित क्षेत्रों में स्थित स्कूलों में बच्चों को स्कूल छोड़ने का काम कर रही है। वहीं घास लकड़ी के लिए जंगल जाने वाले महिलाओं के साथ भी वन प्रहरी आवाजाही कर रहे हैं। भालू संभावित क्षेत्रों में सोलर लाइट लगाई गई है। भालू को पकड़ने के लिए पिंजरा भी लगा दिया गया है।

बोले - एक भी मौत नहीं हुई

## कोडिन वालों पर बुलडोजर चले तो चिल्लाना नहीः योगी

लखनऊ
एजेंसी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कोडिन कफ सिरप मामले पर यूपी विधानसभा में जवाब देते हुए कहा कि प्रदेश में कफ सिरप से एक भी मौत नहीं हुई है। इस मामले में एनडीपीएस के अंतर्गत कार्रवाई होगी, उत्तर प्रदेश सरकार ने इस मामले को कोर्ट में लड़ा और जीता है।

उन्होंने नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय पर चुटकी लेते हुए कहा कि इस उम्र में व्यक्ति सच बोलने का आदी होता है, लेकिन समाजवादी इस उम्र में भी उनसे झूठ बोलवा देते हैं। समाजवादियों को ऐसा नहीं करना चाहिए और उन्हें भी सच बोलने का आदी होना चाहिए। उन्होंने लंबे समय तक स्पीकर के रूप में सदन को आगे बढ़ाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सरकार की कार्रवाई की जानकारी भी सदन में रखी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मामले में अब तक 79 अभियोग दर्ज किए जा चुके हैं, जिनमें 225 अभियुक्त नामज़द हैं। 78 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है और 134 फर्मों पर छापेमारी



की कार्रवाई हुई है। उन्होंने कहा कि मामले की गहराई में जाएंगे तो बार-बार यही तथ्य सामने आता है कि कहीं न कहीं समाजवादी पार्टी से जुड़ा कोई नेता या व्यक्ति इसमें संलिप्त पाया जाता है। अवैध लेन-देन भी लोहिया वाहिनी के एक पदाधिकारी के खाते के माध्यम से हुआ है। एसटीएफ पूरे प्रकरण की जांच कर रही है।

उन्होंने बताया कि कोर्ट ने इस मामले में एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत मुकदमा चलाने के निर्देश दिए हैं। सरकार ने इस लड़ाई को पूरी मजबूती से लड़ा है और इसमें सफलता भी प्राप्त की है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मामले में कोई भी अपराधी बच नहीं पाएगा। सीएम ने बुलडोजर एक्शन को लेकर समाजवादी पार्टी पर तंज कसा। कहा कि चिंता मत कीजिए, समय आने पर बुलडोजर एक्शन की पूरी तैयारी रहेगी, उस समय चिल्लाइएगा नहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बच्चे हों या एडल्ट, बिना चिकित्सीय परामर्श के कोई भी इसका सेवन नहीं कर सकता। खांसी होने पर हर कोई कफ सिरप लेता है, लेकिन चिकित्सीय परामर्श से। उस पर यह अंकित भी होता है, लेकिन समाजवादी पार्टी के लोगों का पढ़ाई-लिखाई से कोई वास्ता है नहीं, इसलिए आप लोग ऐसी बातें करते हैं।

## नैनीताल में पर्यटकों की चहलकदमी से बढ़ी रौनक

नैनीताल
हमारे संवाददाता

वीकेंड के चलते रविवार को लगातार दूसरे दिन भी पर्यटकों की भीड़-भाड़ से खूब रौनक देखने को मिली।

पर्यटकों ने नैनी झील में नौका विहार का आनंद लेने के साथ ही दर्शनीय स्थलों के दीदार किए। नगर में सुबह व शाम के समय ठंड जरूर हो रही है लेकिन दिनभर गुनगुनी धूप खिलने की वजह से स्थानीय लोगों के साथ ही नैनीताल भ्रमण पर पहुंचे पर्यटक भी खूब मौज मस्ती कर रहे हैं। सोमवार से नगर में

**रौनक**

- कार्निवाल के चलते पर्यटकों की तादात और बढी

पांच दिनी विंटर कार्निवाल के चलते पर्यटकों की तादात और बढ़ सकती है।

नगर के साथ ही स्थानीय भवाली, भीमताल, नौकुचियाताल, घोड़ाखाल, श्यामखेत, सरिताताल, पंगूट तथा किलबरी समेत अन्य दर्शनीय स्थलों में पर्यटकों की भीड़ बढ़ने की वजह से पर्यटन कारोबार से जुड़े कारोबारी भी काफी व्यस्त नजर आए।



## ई-केवाईसी कराने की अंतिम तिथि बढ़ाकर अब 31 दिसंबर तक

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

जिले के राशनकार्डधारकों के लिए राहत भरी खबर है। खाद्य विभाग ने राशनकार्ड की ई-केवाईसी कराने की अंतिम तिथि बढ़ाकर अब 31 दिसंबर कर दी है। विभागीय आंकड़ों के अनुसार जिले में अब तक करीब 60 प्रतिशत ई-केवाईसी का काम पूरा हो चुका है, जबकि शेष कार्डधारकों को अंतिम अवसर दिया गया है।

खाद्य आयुक्त रणवीर सिंह चौहान ने प्रदेशभर के जिला पूर्ति अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने निर्देश दिए कि ई-केवाईसी की प्रक्रिया को तय समयसीमा के भीतर अनिवार्य रूप से पूरा कराया जाए, ताकि पात्र लाभार्थियों को राशन वितरण में किसी तरह की परेशानी न हो। जिले के पूर्ति विभाग के सहायक जिला पूर्ति अधिकारी (एआरओ) विजय जोशी ने बताया कि जिले में लाल, सफेद और पीले श्रेणी के कुल 2,35,103 राशनकार्ड संचालित हैं। इन कार्डों से जुड़ी 9,58,916 यूनिटों को प्रतिमाह राशन का वितरण किया जा रहा है।

शनिवार को ई-केवाईसी की प्रगति की बात करें तो हल्द्वानी क्षेत्र में 1208 यूनिट, रामनगर में 971, नैनीताल में 368, धारी में 273, कालाढूंगी में 172 और कौश्याकुटौली में 134 यूनिटों की ई-केवाईसी पूरी की गई।

## सम्पूर्णता अभियान सम्मान समारोह में डा. सरना सम्मानित

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

उत्तराखंड सरकार के नियोजन विभाग द्वारा संचालित आकांक्षी जनपद/विकासखण्ड कार्यक्रम के अंतर्गत जुलाई 2024 से सितम्बर 2024 की अवधि में निर्धारित 6 प्रमुख संकेतांकों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जनपदों एवं विभागों को सम्मानित करने के उद्देश्य से राज्य स्तरीय 'सम्पूर्णता अभियान सम्मान समारोह' का आयोजन मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय स्थित मुख्य सेवक सदन, देहरादून में किया गया।

इस समारोह में ऊधम सिंह नगर जनपद की ओर से स्वास्थ्य विभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए डॉ. संजीव सरना को उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों एवं उत्कृष्ट कार्यों के



लिए प्रमुख सचिव, नियोजन विभाग आर. मीनाक्षी सुंदरम ने सम्मानित किया । यह सम्मान जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण, लक्षित संकेतांकों की प्रभावी पूर्ति एवं योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए प्रदान किया गया।समारोह का उद्देश्य प्रदेश में

**आयोजन**

- राज्य स्तरीय 'सम्पूर्णता अभियान सम्मान समारोह' का आयोजन सीएम कैंप कार्यालय देहरादून में हुआ

विकासात्मक योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को प्रोत्साहित करना तथा विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे नवाचारों और परिणामोन्मुखी कार्यों को सार्वजनिक रूप से मान्यता देना था। कार्यक्रम के दौरान राज्य के विभिन्न जनपदों से आए विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति रही।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ केके अग्रवाल ने इस उपलब्धि के लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियो व कर्मचारियों को बधाई दी।

# नैनीताल में श्री राम सेवक सभा भवन में होली गायन

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नगर की प्रचीनतम धार्मिक संस्था श्री राम सेवक सभा में रविवार को पूस माह के प्रथम रविवार पर होली गायन प्रारंभ हुआ जिसमें लोक पारंपरिक होलियारों ने होली गायन कर समा बाधा।

इस दौरान प्रसिद्ध होलियार नरेश चमियाल,सतीश पांडे, अजय कुमार, ,मनोज पांडे, रक्षित साह,नवीन बेगाना, गिरीश भट्ट, संजू,प्रकाश भट्ट , नीरज सती तथा राहुल जोशी ने होली गीत प्रस्तुत किए। गणेश वंदना के साथ होली गायन की शुरुआत की गयी। होल्यारों ने सब सखियन में राधा----, मैया के मंदिरवा में---,शिव शंकर को ध्यान--- तथा अपने राम को मनाऊं--- तथा मालिक सीता राम सहित कई होली गीत गाए।



इससे पूर्व कार्यक्रम का प्रारंभ विधायक सरिता आर्य,पूर्व विधायक डॉ. नारायण सिंह जंतवाल,वरिष्ठ रंगकर्मी जहूर आलम,सभा के नव नियुक्त संरक्षक घन श्याम लाल साह तथा सभा के पूर्व अध्यक्ष मुकेश जोशी ने दीप प्रज्वलन कर किया । विधायक सरिता आर्या ने सभी को मुबारकबाद दी । इस अवसर पर सभा के अध्यक्ष मनोज साह ,महासचिव जगदीश चंद्र बवाड़ी, उपसचिव राजेंद्र सिंह बिष्ट,प्रबंधक बिमल चौधरी सहित देवेंद्र लाल साह तथा राजेंद्र लाल साह मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन सभा के वरिष्ठ सदस्य व मीडिया प्रभारी प्रो. ललित तिवारी ने किया। इस अवसर पर गिरीश जोशी,गोविंद सिंह ,ललित साह, डॉ रेखा साह,सुषमा डंडरियाल, हरीश सिंह राणा तथा अमर साह आदि उपस्थित रहे। अंत में सभा के महासचिव जगदीश चंद्र बवाड़ी ने सभी का आभार जताया।



# वर्ष भर की गतिविधियों हेतु छात्रों को किया सम्मानित

**र**

हमारे संवाददाता

राधा चिल्ड्रन एकेडमी नैनीताल में रविवार को परीक्षाफ ल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों को वर्ष भर में आयोजित की गई गतिविधियों के लिए सममानित किया गया।

मुखय अतिथि विधायक सरिता आर्या रही। इस मौके पर अध्यक्ष नितिन कार्की व प्रबंधक ने अतिथियों का स्वागत किया और विद्यायल की वर्ष भर की गतिविधियों की जानकारी दी। विधायक की ओर से परीक्षा में अव्वल आने वाले छात्रों के साथ ही विद्यायल में वर्ष भर आयोजित की गई गतिविधियों में प्रतिभाग करने वाले छात्रों को सममानित किया गया। इसके साथ ही विद्यायल के लिए विधायक निधि से पांच लाख रुपए देने की घोषणा की।

इस दौरान उत्तराखंड मंडी समिति के सलाहकार मनोज जोशी, जिला उपाध्यक्ष दयाकिशन पोखरिया समेत भारत मेहरा, सचिव श्याम सिंह मेहरा, ललिता बाल्मीकि, मीनाक्षी आर्या, हिमांशु जोशी, पूनम आर्या, अंजली मठपाल, गीता बिष्ट, हेमा बिष्ट, प्रियंका तथा आशा जोशी मौजूद रही। कार्यक्रम का संचालन मयंक चिलवाल ने किया।

# विश्वकुलम द ग्लोबल स्कूल में मना वार्षिकोत्सव समारोह

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नैनीताल जिले के भीमताल के मेहरागांव स्थित विश्वकुलम द ग्लोबल स्कूल में रविवार को वार्षिकोत्सव समारोह धूमधाम से मनाया गया।

वार्षिकोत्सव की शुरुआत मुखय अतिथि बलॉक प्रमुख भीमताल डॉ. हरीश सिंह बिष्ट, विशिष्ट अतिथि चेयरमैन पंकज कुमार, विद्यालय प्रबंधक डॉ दिनेश पांडे द्वारा दीप प्रज्वलन कर की। इस मौके पर सरस्वती वंदना समेत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया।मेधावी छात्रों को शैक्षणिक और खेलकूद के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सममानित किया गया। प्रमुख डॉ. हरीश सिंह बिष्ट ने अपने संबोधन में छात्रों विद्यालय परिवार अभिभावकों को वार्षकोत्सव की शुभकामनाएं दी छात्रों के अनुशासन और प्रतिभा की सराहना की। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ सर्वांगीण विकास के लिए सांस्कृतिक गतिविधियां अत्यंत आवश्यक हैं। बच्चों को उनकी रुचि के अनुसार ढालने पर जोर दिया। नशे से दूर रहने की अपील की।



## NEWS / फटाफट

### जिले के हल्द्वानी व धारी में बहुद्देशीय शिविर आज

**नैनीताल** । उत्तराखण्ड राज्य सरकार की जनकल्याणकारी सोच को धरातल पर उतारते हुए जन-जन की सरकार, जनजन के द्वार अभियान के अंतर्गत जनपद नैनीताल में लगातार बहुद्देशीय शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार (आज) को विकासखंड हल्द्वानी में बहुद्देशीय शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर राजकीय इंटर कॉलेज हल्दूपोखरा में आयोजित होगा, जिसकी अध्यक्षता प्रभारी मुखय विकास अधिकारी गोपाल गिरी गोस्वामी द्वारा की जाएगी।शिविर का उद्देश्य आम नागरिकों को राज्य एवं केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर मुहैया कराना, जनसमस्याओं की सुनवाई करना, शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करना तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ना है। दूसरी ओर सोमवार (आज) ही विकासखंड धारी में बहुद्देशीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है।यह शिविर हिमगिरि स्टेडियम लेटीबुंगा में आयोजित होगा जिसकी अध्यक्षता मुखय कृषि अधिकारी ऋतु टमटा द्वारा की जाएगी।

### हस्तशिल्प को बढ़ावा देने के लिए दो दिवसीय कार्यक्रम



**नैनीताल** । चांफी मचान रेस्तरां में स्थानीय उत्पादों एवं लोकल महिलाओं द्वारा बनाई गई हस्तकला को बढ़ावा देने के लिए आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुखय अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल एवं दर्जा राज्य मंत्री नवीन वर्मा की उपस्थिति रहे। कार्यक्रम में स्थानीय कारीगरों विशेषकर महिलाओं के हस्तशिल्प और उत्पादों को प्रोत्साहन देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।मुखय अतिथि नवीन वर्मा ने अपने संबोधन में स्थानीय उद्योगों को मजबूत करने पर जोर दिया और सरकार की योजनाओं से जोड़ते हुए कारीगरों को प्रोत्साहित किया।

### भाजपा के वरिष्ठ नेता हेम चंद्र आर्य ने समस्याएं सुनी



**नैनीताल** । भाजपा के वरिष्ठ नेता हेम चंद्र आर्य ने रविवार को बजूँन, मंगोली, खमारी, थपला तथा जलालगाँव आदि क्षेत्रों में जाकर लोगों की समस्याएं सुनी तथा जिलाधिकारी से वार्ता कर उनके त्वरित समाधान की बात कही। आर्य ने ग्रामीणों को प्रदेश व केंद्र सरकार की जनकल्याण योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए उनका अधिक से अधिक लाभ उठाने की गुजारिश की। इस दौरान मंडल उपाध्यक्ष हेम बहुखंडी, पूर्व मंडल महामंत्री केशव पंत, महेश पंत, रघुवर सिंह, शिव सिंह, दलीप सिंह, हीरा सिंह नेगी, पीतांबर पंत, खीम सिंह बिष्ट, कुन्दन सिंह बिष्ट, गोपाल दत्त, पान सिंह, किशन जोशी, गिरीश जोशी तथा चंदन सिंह कार्की आदि मौजूद रहे।

### एचजीएस स्कूल में धूमधाम से मनाया वार्षिकोत्सव



**भीमताल।** वार्षिकोत्सव धूमधाम के साथ अयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा, एसओएस संस्था के सीईओ सुमंता कर, सीईओ गोविंद राम जायसवाल ने संयुक्त रूप से किया गया। खराब मौसम के कारण प्रदेश के शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत कार्यक्रम में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित नहीं हो पाए। इस वर्ष के बार्षिकोत्सव की विशेष थीम दशावतार रही।विशिष्ठ अतिथि एवं पूर्व छात्र रमेश भट् पूर्वमीडिया सलाहकार मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड सरकार ने अपने सम्बोधन में कहा कि विद्यालय के किये जा रहे प्रयासों की प्रशसा कि और कहा कि विद्यालय निरन्तर उपलब्धियों को हासिल कर रहा है, प्रधानाचार्या महिमा भट्ट ने वार्षिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। वहां एसएचओ राजेश कुमार, मीनू धर, अनुसूया साह मौजूद रहीं।

## नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी
न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# डीएम अदालत के समक्ष गलत तथ्य प्रस्तुत करने पर डीएम का बड़ा फैसला

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने अवगत कराया कि नैनीताल जिले के हल्द्वानी आजाद नगर (थाना बनभूलपुरा) निवासी नाहिद कुरैशी पुत्र वाजिद कुरैशी के विरुद्ध शस्त्र अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया था। इस प्रकरण में जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय के समक्ष पक्षकार नाहिद कुरैशी द्वारा यह कथन किया गया कि वह एक व्यापारी है तथा उसे व्यापार के सिलसिले में प्रायः नकद धनराशि के साथ आवागमन करना पड़ता है जिसके कारण उसके जान-माल को खतरा बना रहता है। इस हेतु उसके शस्त्र लाइसेंस को यथावत् बनाए रखा जाना आवश्यक है। इस संबंध में इस प्रकरण का परीक्षण कराए जाने के उपरांत संज्ञान में आया कि वाजिद कुरैशी द्वारा विगत वर्ष के आयकर रिटर्न से तथ्य प्रकाश में आया कि



उनकी वार्षिक आय 5,78,600 रुपए है जिस पर उनके द्वारा लगभग 13,000 रुपयां आयकर अदा किया गया है। जिस पर जिला मजिस्ट्रेट नैनीताल द्वारा उक्त आय विवरण पर समयक विचार करते हुए पाया एवं उससे यह स्पष्ट हुआ है कि श्री कुरैशी की वार्षिक आय इतनी अधिक नहीं है जिससे यह निष्कर्ष निकाला जा सके कि उनके जान-माल को असाधारण या विशिष्ट खतरा उत्पन्न होता हो, जिसके लिए शस्त्र धारण किया जाना अपरिहार्य हो। उक्त तथ्यों एवं परिस्थितियों के आधार पर जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय नैनीताल द्वारा इस प्रकरण पर निष्कर्ष करते हुए नाहिद कुरैशी को जारी शस्त्र लाइसेंस को लाइसेंस निरस्त करने का निर्णय सुनाया। इस संबंध में आदेश जारी करते हुए संबोधित व्यक्ति का शस्त्र लाइसेंस निरस्त कर दिया गया है।

# न्याय पंचायत ओखलकांडा में सपनों की उड़ान प्रतियोगिता

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नैनीताल जिले के दूरस्थ विकास खंड ओखलकांडा के न्याय पंचायत ओखलकांडा में सपनों की उड़ान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

बता दें प्रतियोगिता मेंन्याय पंचायत ओखलकांडा के अन्तर्गत समस्त विद्यालयों द्वारा प्रतिभाग किया गया। विभिन्न गतिविधियों के अन्तर्गत कुर्सी दौड़, लोक नृत्य, लोक गायन, नुक्कड़ नाटक, सैल्फ ी/स्टाल आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं में छात्र छात्राओं एवं अभिभावकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त छात्र छात्राओं एवं अभिभावकों को पुरस्कृत किया गया।



प्रतियोगिता में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय टांडा से पान सिंह बोहरा, नवीन सिंह बोरा जबकि उच्च प्राथमिक विद्यालय रीखाकोट से कुंवर सिंह रावत,राजकीय प्राथमिक विद्यालय टांडा से रवीन्द्र बिष्ट तथा राजकीय प्राथमिक विद्यालय ओखलकांडा मल्ला से मधु तथा हरीश मेहरा,राजकीय प्राथमिक विद्यालय ओखलकांडा तल्ला से खष्टी बोरा जबकि राजकीय प्राथमिक विद्यालय सुरंग से प्रताप सिंह बोरा, राजकीय प्राथमिक विद्यालय खन्स्यू से उपासना चौहान, राजकीय प्राथमिक विद्यालय क्वैंदल से गोपाल बिष्ट आदि अध्यापक उपस्थित रहे। अभिभावकों में प्रेमा देवी, नीला देवी, डिकरी देवी, पूनम पनेरू, दीपिका, सपना सनवाल, कमला बर्गली, भोजन माता रेवती सनवाल,हरीश पुरी तथा संजय कुमार ने प्रतिभाग किया।समस्त प्रतिभागियों को खंडशिक्षा अधिकारी सुलोहिता नेगी द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित की गई।प्रतियोगिता का संचालन संकुल समन्वयक नवीन बोरा द्वारा किया गया।

# अभिमत

## बड़े खतरों का संकेत

*जलवायु परिवर्तन से हिमपात और बारिश का क्रम बदलने तथा भूकम्प की दृष्टि से हिमालयी प्रदेश उत्तराखंड अधिक संवेदनशील श्रेणी में होने से बड़े खतरे के संकेत मिल रहे हैं। ग्लोबल वार्मिंग के साथ अब विशेषज्ञों ने एक और महत्वपूर्ण बात कही है कि दुनियाभर में पर्यटन को बढ़ावा तो दिया जा रहा है, परन्तु आपदा प्रबंधन की लगातार उपेक्षा की जा रही है। आपदा प्रबंधन वर्तमान में विश्व के सभी देशों के लिए जरूरी है, भारत के लिए तो बेहद महत्वपूर्ण है। भारत का 56 प्रतिशत भूभाग भूकम्प की दृष्टि से संवेदनशील है। भूकम्प का पूर्वानुमान लगाना भी कठिन है, इसलिए आपदा प्रबंधन ही जानमाल के नुकसान को कम करने का एक जरिया है।*

प्रकृति में बदलाव होते रहते हैं। मनुष्य को इन बदलाव के लिए तैयार रहना चाहिए। वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि ग्लेशियरों का पिघलना पूरी दुनिया के लिए एक बड़ा खतरा है। लद्दाख में बिना बारिश के 30 साल पहले एक बाढ़ आई थी, जिससे मैदानी क्षेत्र में भारी नुकसान हुआ था। इसी क्षेत्र में वर्ष 2014 में एक छोटी सी झील देखी गई थी, अब वह बहुत बड़ी हो गई। दुनियाभर के कई क्षेत्रों में ग्लेशियर पिघल रहे हैं और झीलें बन रही हैं, जिनसे भविष्य में खतरा भी बढ़ रहा है। ग्लोबल वार्मिंग से ग्लेशियर पिघलने के बारे में कई साल से वैज्ञानिक चेतावनी देते रहे हैं, लेकिन आधुनिकता की अंधी दौड़ में ग्लोबल वार्मिंग पर नियंत्रण नहीं किया जा रहा है। जलवायु परिवर्तन से हिमपात और बारिश का क्रम बदलने तथा भूकम्प की दृष्टि से हिमालयी प्रदेश उत्तराखंड अधिक संवेदनशील श्रेणी में होने से बड़े खतरे के संकेत मिल रहे हैं। अब विशेषज्ञों ने एक और महत्वपूर्ण बात कही है कि दुनियाभर में पर्यटन को बढ़ावा तो दिया जा रहा है, परन्तु आपदा प्रबंधन की लगातार उपेक्षा की जा रही है। आपदा प्रबंधन वर्तमान में विश्व के सभी देशों के लिए जरूरी है, भारत के लिए तो बेहद महत्वपूर्ण है। भारत का 56 प्रतिशत भूभाग भूकम्प की दृष्टि से संवेदनशील है। भूकम्प का पूर्वानुमान लगाना भी कठिन है, इसलिए आपदा प्रबंधन ही जानमाल के नुकसान को कम करने का एक जरिया है। आपदा प्रबंधन किसी एक देश का मामला नहीं है, पूरी दुनिया को साझा रणनीति बनाने की जरूरत है। नेपाल और भारत के कई क्षेत्रों में भूकम्प से अनेक बार धरती डोलने का क्रम जारी है। उत्तर भारत के कई क्षेत्रों और उत्तराखंड में लोग भूकम्प का झटका महसूस होने पर घर से बाहर निकल आये। बारिश में भूस्खलन होने से जनजीवन प्रभावित हो जाता है। मानसून के दौरान भूधंसाव से उत्तरकाशी, नैनीताल सहित कई जगह भवन धराशायी हो गये। नैनीताल में कुछ क्षेत्रों के मकानों को खाली करा लिया गया है और उन भवनों में रहने वालों के पुनर्वास की व्यवस्था की गई। नैनीताल की झील को भी खतरा उत्पन्न हो गया है। माल रोड और लोअर माल रोड में दरारें पड़ गई हैं। लोअर माल रोड का बहुत बड़ा हिस्सा झील में समा गया था। यह सिर्फ एक सड़क, क्षेत्र और शहर का मामला नहीं है। पूरी दुनिया में प्रकृति के परिवर्तन से खतरे का संकेत है। सम्पूर्ण प्रकृति पर नियंत्रण असंभव है। इसलिए भावी खतरे को टालने के लिए ग्लोबल वार्मिंग को न्यूनतम करने और आपदा प्रबंधन के उपायों को प्राथमिकता के आधार पर सुदृढ़ करने की जरूरत है।

# काकोरी एक्शन के सौ साल पर एक विचार गोष्ठी

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता



क्रांतिकारी लोक अधिकार संगठन ने काकोरी एक्शन के सौ साल पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया। विचार गोष्ठी शुरू होने से पहले शहीदों को पुष्प अर्पित कर बाद 2 मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि दी। एक क्रांतिकारी गीत के बाद गोष्ठी शुरू हुई।

गोष्ठी का पहला वक्तव्य मोहन मटियाली ने रखा। अपने वक्तव्य में काकोरी शहीदों के जीवन पर प्रकाश डाला। आजादी के आंदोलन में रामप्रसाद बिस्मिल व अशफाक उल्ला खां जैसे नौजवानों सयुक्त रूप से अपनी भूमिका निभाई। वरिष्ठ पत्रकार दीप भट्ट ने अपने विचार रखते हुए कहा कि देश में आजादी का प्रभाव इतना व्यापक था कि बॉलीवुड में भी क्रांतिकारी फिल्म बनी।आज वह कम होता जा रहा इसलिए क्रांतिकारी विचारों को समाज में व्यापक प्रचार करना होगा। अगले वक्ता एडवोकेट बबीता ने कहा की हमें सयुक्त पहल कदमी कर अपने अधिकारों की रक्षा करना चाहिए। स्वतंत पत्रकार उमेश विश्वास ने आजादी के नायकों के विचारों आत्मसात कर अपनी एकता मजबूत करने पर जोर दिया। अंबेकर मिशन के जी आर टम्टा ने कहा कि संविधान को अपना हथियार बना कर अपने अधिकारों के लिए संघर्ष किया जा सकता हैं। परिवर्तनकामी छात्र संगठन के महेश ने अपने विचार रखते हुए कहा आज सरकारें इतिहास को बदल कर क्रांतिकारियों के विचारों को हटा रही हैं। भाकपा माले से कैलाश पाण्डे ने कहा की सरकारें जनता के अधिकारों को कम कर अतिक्रमण के नाम पर गरीबों उनके घरों से बेदखल कर रही हैं।

प्रगतिशील महिला एकता केन्द्र की रजनी ने कहा महिलाओं के ऊपर अपराधों का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है। जनवादी लोक मंच से योगेश सहित, शिवदेव सिंह, विजय तिवारी, टी.आर.पाण्डे, आदि भी अपने विचार रखा। गोष्ठी का संचालन मुकेश भंडारी व शेखर चंद्र ने किया। विचार गोष्ठी में उमेश विश्वास स्वतंत्र पत्रकार, विजय तिवारी, जी आर टम्टा, वरिष्ठ पत्रकार दीप भट्ट, अनुराग, उमेश, रजनी, मोहन मटियाली,अनीता देवी, अधिवक्ता बिनीता, शिवदेव सिंह, शेखर चंद्र, रियासत अली,भुवन चंद्र, आकाश भारती, पंकज अम्बेडकर, चंदन, योगेश, हिमानी, प्रकाश, उमेश पाण्डे आदि रहे।

## एक दिवासीय दर्द निवारक निशुल्क हेल्थ कैंप का आयोजन

**नैनीताल।** हीलिंग होम वैली ने ब्लॉक प्रमुख व ग्राम प्रधान के सहयोग से भीमताल ब्लॉक के बेलवा खान ग्राम में सभा में एक दिवसीय निशुल्क दर्द निवारक हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया हेल्थ कैंप में देश के प्रसिद्ध पेन मैनेजमेंट स्पेशलिस्ट डॉक्टर अश्वनी कुमार सैनी 100 से अधिक से पीड़ति लोगों का चिकित्सी चिकित्सी परीक्षण सलाह और मुफ्त में दवाइयां वितरित की हीलिंग होम वैली पिछले 10 वर्षों से जिले कि दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्र में दिल्ली से विशेषज्ञ डॉक्टरो को लेकर निशुल्क हेल्थ कैंप का आयोजन करती है ग्रामीण क्षेत्र के निवासियों को विशेषज्ञ सलाह और मुख्य दवाइयां का वितरण किया जाता है अरे खबर पूरी छोड़ जाएगी की विशेषता की डॉक्टर को हेल्थ कैंप का आयोजन कर पीड़ितों को सलाह और मुफ्त दवाइयां का वितरण करती है इस कैंप में हीलिंग होम वैली की मैनेजिंग ट्रस्टी शैली जगदीश गिरी ग्राम प्रधान डॉक्टर बबीता मनराल गोपाल प्रसाद गंगा सिजवाली हरीश भट्ट सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# डीएसबी परिसर में नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता



डीएसबी परिसर में छात्र महासंघ अध्यक्ष आशीष कबड़वाल व छात्र सचिव आयुष आर्या की ओर से नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कुविवि के 22 परिसर व महाविद्यालयों के 80 छात्र-छात्राओं नने प्रतिभाग किया। जिसमें सुनीता, भावेश विश्वकर्मा,ओर हल्द्वानी पहाड़ी ग्रुप अव्वल रहे।

रविवार को डीएसबी परिसर में आयोजित फर्सट स्टेप नृत्य प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि परिसर निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा, प्रो. ललित तिवारी व विशिष्ट अतिथि प्रो. एच सी एस बिष्ट, प्रो. सावित्री कैड़ा जंतवाल रहे। कार्यक्रम का संचालन नीरज बिष्ट ने किया। निर्णायक मंडल में नीरज सिंह बिष्ट, ममता बानी भट्ट, मनोज चम्याल और गौरव पांडे रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ उत्तराखंड की संस्कृति का प्रदर्शन करते हुए छोलिया नृत्य से किया गया। इस प्रतियोगता में कुविवि के हल्द्वानी, रामनगर, काशीपुर, रुद्रपुर आदि के 22 परिसर व महाविद्यालयों के छात्र छात्राओं ने प्रस्तुति दी। जिसमें एकल नृत्य, डूट नृत्य और सामूहिक नृत्य का आयोजन किया गया। जिसमें एकल नृत्य में सुनीता ने प्रथम, श्वेता ठाकुर ने दूसरा व लक्ष्मी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। डीयूओ में भावेश, वैष्णवी ने प्रथम, रक्षिता, लिपि ने दूसरा व स्नेहा और कुमकुम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।


सामूहिक नृत्य में हल्द्वानी पहाड़ी ग्रुप ने प्रथम, अप्सरा ग्रुप द्वितीय, व एन सीसी आर्मी ग्रुप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके सात ही प्रथम,द्वितीय, और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

छात्र महासंघ अध्यक्ष आशीष कबड़वाल ने बताया कि प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को 50000 रुपए की राशि देकर सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान प्रो. गीता तिवारी, डॉ. सीता देवली, डॉ. नवीन पांडे, डॉ. पीएस अधिकारी, उत्कर्ष बिष्ट, आशीष गोस्वामी, प्रियांशु बेलवाल, शिवम गंवार, अंकिता भट्ट लोग उपस्थित है।

## फिल्मी दुनिया

# प्रियंका चोपड़ा के साथ बॉलीवुड गाने पर झूमे पति निक





*निक जोनस अपने भाइयों और पत्नी प्रियंका चोपड़ा के साथ बॉलीवुड गाने आप जैसे कोई पर झूमते हुए नजर आए। कॉन्सर्ट से पहले की मस्ती सिंगर ने वीडियो के जरिए फैंस के साथ साझा की है।*

*हॉलीवुड सिंगर निक जोनस और उनके भाई पिछले काफी दिनों से लगातार बॉलीवुड के किसी ना किसी गाने पर झूमते हुए नजर आ रहे हैं। कभी ऋतिक-कियारा के गाने आवां जावां तो कभी धुरंधर के गाने शरारत को निक अपने कॉन्सर्ट से तुरंत पहले सुन रहे हैं। अब निक और उनके भाइयों के साथ-साथ प्रियंका चोपड़ा भी बॉलीवुड के गाने पर झूमती दिखाई दीं। निक ने इंस्टाग्राम पर इसी दौरान का ही एक वीडियो साझा किया है। निक जोनस और उनके भाइयों की कॉन्सर्ट से पहले की मस्ती में खास बात यह रही कि प्रियंका चोपड़ा भी शामिल हो गईं। सोशल मीडिया पर शेयर किए गए इस वीडियो में पूरा परिवार फिल्म कुर्बानी के सुपरहिट गाने आप जैसा कोई की धुन पर झूमता नजर आया, जिसने फैंस को खासा खुश कर दिया। यह वीडियो किसी बड़े इवेंट या शूट का नहीं, बल्कि कॉन्सर्ट से पहले का एक मजेदार पल था। निक जोनस ने इसे अपना प्री-शो एनर्जी सॉन्ग बताया।*

## पहले भी बना चुके हैं ऐसे ही वीडियोज

*इससे पहले भी जोनस ब्रदर्स कई बार बॉलीवुड म्यूजिक पर रील्स बना चुके हैं। कुछ समय पहले उन्होंने रणवीर सिंह की फिल्म 'धुरंधर' के गाने शरारत पर डांस किया था। रणवीर सिंह ने उस वीडियो पर मजेदार अंदाज में प्रतिक्रिया दी थी, जिसके बाद निक ने भी हल्के-फुल्के अंदाज में जवाब देकर माहौल और भी मजेदार बना दिया था। इतना ही नहीं, निक जोनस को हाल ही में फिल्म वॉर 2 के गाने आवां जावां पर भी झूमते देखा गया था।*

# पूर्व राज्यपाल कोश्यारी को नई शिक्षा नीति पर रसायन विज्ञान तथा मिलेट्स पर लिखी किताबें की भेंट

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

दून विश्वविद्यालय के डॉ. हरीश चन्द्र अंडोला एवं प्रोफ सर बिपिन व सुरेश चन्द्र अंडोला डॉ विजय कांत पुरोहित की पुस्तक को जिन्होंने नई शिक्षा नीति पर रसायन विज्ञान पर लिखी किताबों पर द्वारा लेखक के प्रयास को सराहनीय बताया और लेखकों को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक विश्वविद्यालय व महाविद्यालय के छात्र.छात्राओं द्वारा इनका अध्ययन किया जाना चाहिए। दून विश्वविद्यालय के डॉ हरीश चन्द्र अंडोला को नई शिक्षा नीति पर रसायन विज्ञान के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। डॉ. अंडोला ने इस उपलबधि को दून विश्वविद्यालय के कुलपति, कुलसचिव एवं मुक्त कुलसचिव के आर भट्ट, डॉ. बजेश बनकोटी डॉ. बिपिन चौबे उच्च शिक्षा विभाग प्रो ए. एस. उनियाल, डॉ. ममता डॉ. प्रमोद दोबरियाल प्रो. दुर्गेश पंत डायरेटर जर्नल यूकोस्ट पर्यावरण विभाग के प्राध्यापकों, सहकर्मियों तथा प्रो. एम.एस.एम. रावत और निवर्तमान सलाहकार प्रो. के.डी. पुरोहित से मिली प्रेरणा का परिणाम बताया।

उन्होंने इसका श्रेय अपने गुरुजनों,कुलसचिव तथा तकनकी यूनिवर्सिटी एवं सहयोगियों और स्नेहीजनों को समर्पित किया।उन्होंने पर्यावरण विभागए दून विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं, विश्वविद्यालय प्रशासन तथा क्षेत्रीय कार्यालय तथा उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों और युगबाणी के मुखय संवाददाता जगमोहन रौतेला, कुनाल पबलिकेशन के प्रकाशक श्री प्रेम सिंह बिष्ट तथा समय देहरादून प्रवीण भट्ट एवं कर्मचारियों के सहयोग के लिए, हेम पंत, दयाल पाण्डेय तथा मेरा पहड मेरी पहचान के आभार व्यक्त किया।

News कॉर्नर

## बेलुवाखान गांव में लगा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**नैनीताल ।** हीलिंग होम वैली ने बलॉक प्रमुख व ग्राम प्रधान के सहयोग से भीमताल बलॉक के बेलुवाखान ग्राम में सभा में एक दिवसीय निःशुल्क हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। हेल्थ कैंप में प्रसिद्ध पेन मैनेजमेंट स्पेशलिस्ट डा. अश्वनी कुमार सैनी 100 से अधिक से पीड़ित लोगों का चिकित्सकीय परीक्षण सलाह और मुफ्त में दवाइयां वितरित की। हीलिंग होम वैली पिछले 10 वर्षों से जिले कि दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्र में दिल्ली से विशेषज्ञ डाकटरों को लेकर निश्शुल्क हेल्थ कैंप का आयोजन करती आयी है। हीलिंग होम वैली की मैनेजिंग ट्रस्टी शैली, जगदीश गिरी, गोपाल प्रसाद, गंगा सिजवाली तथा हरीश भट्ट सहित बड़ी संखया में लोग उपस्थित थे।

## खरीददारी करने आए व्यक्ति से दिन दहाड़े लूट

**हल्द्वानी।** जनपद नैनीताल के पटेल चौंक क्षेत्र में दिनदहाड़े लूट की घटना सामने आई है। ग्राम व पोस्ट हरीशताल, थाना व तहसील खनस्यू, जिला नैनीताल निवासी रमेश चन्द्र भट्ट पुत्र स्वर्गीय विशन भट्ट के साथ 16 दिसंबर को लगभग 1:30 बजे दोपहर के समय लूट की वारदात हुई। पीड़ित के अनुसार वह खरीदारी के उद्देश्य से पटेल चौक से डी.के. पार्क की ओर जा रहा था। इसी दौरान राम मंदिर वाली गली में एक अज्ञात व्यक्ति, जिसके चेहरे पर चोटों के निशान थे, उसके पीछे आया और धमकाने लगा। आरोपी ने जबरदस्ती पीड़ित की जेब में हाथ डालकर 8,800 नकद लूट लिए और मौके से फरार हो गया। पीड़ित ने तत्काल कोतवाली पहुंचकर घटना की सूचना दी। प्रारंभिक तौर पर पुलिस द्वारा कैमरा रिकॉर्ड रूम में सीसीटीवी फुटेज चेक किए गए, लेकिन वहां कोई स्पष्ट दृश्य नहीं मिला। इसके बाद दो पुलिसकर्मी पीड़ित के साथ घटनास्थल पर पहुंचे, जहां राम मंदिर वाली गली में लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच करने पर पूरी लूट की घटना रिकॉर्ड पाई गई।

# बनभूलपुरा में बिजली चोरी मामले को लेकर ज्ञापन सौंपा

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता



भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष नफीस अहमद खान के नेतृत्व में अधिशासी अभियंता (नगर) का घेराव कर निम्न बयान पर नाराजगी जाहिर की कि विद्युत विभाग के उच्चाधिकारियों द्वारा आयुक्त महोदय कुमाऊं मंडल को बताया गया कि बनभूलपुरा में 87% और गांधी नगर, अम्बेडकर नगर में 70% बिजली चोरी की जा रही है।

विगत 16 दिसंबर 2025 को कुमाऊं मंडल आयुक्त दीपक रावत के समक्ष नगर क्षेत्र में बनभूलपुरा में 87 प्रतिशत और गांधीनगर में 70% बिजली चोरी की बात विद्युत विभाग के आला अधिकारियों द्वारा की गई है, क्या यह बात सही है? यदि यह सही है तो यह भी मानना पड़ेगा कि इतनी बड़ी चोरी बिना विद्युत विभाग के बड़े अधिकारियों की मिली भगत के बिना हो ही नहीं सकती।

कृपया इसका संज्ञान लेते हुए उक्त दोनों क्षेत्र के एसडीओ, जेई और अन्य संबंधित सभी अधिकारियों कर्मचारियों पर मुकदमा दर्ज करवाया जाय और उनकी सेवा समाप्त की जाए, इसकी जिम्मेदारी आपको भी लेनी चाहिए, साथ ही 87 प्रतिशत और 70% बिजली चोरी के आंकड़े यदि वास्तविक हैं तो उनके साक्ष्य के रूप में जांचकर्ता का नाम व अभिलेख आख्या उपलब्ध करवाये जांय. यदि सत्यता पाई जाती है तो हम लोग भी अदालत का दरवाजा खटखटाएंगे क्योंकि आप उच्च अधिकारियों की जानकारी में होते हुए भी आप सरकार से भारी भरकम वेतन लेने के बाद सरकार के राजस्व की चोरी करवा रहे थे, आप उच्च अधिकारी भी अपनी जिम्मेदारी नहीं निभा रहे थे और राज्य सरकार को प्रत्येक माह करोड़ों का चूना लगवा रहे थे. यदि आपके पास साक्ष्य नहीं हैं तो माना जायेगा कि प्रशासन और विद्युत विभाग दलित और मुस्लिम विरोधी मानसिकता से ग्रस्त हैं, और उक्त दोनों क्षेत्रों को बदनाम करने की सोची समझी साजिश के तहत योजनाबद्ध तरीके से काम कर रहे हैं। उक्त बयान के संबंध में आयुक्त महोदय के लिए भी ज्ञापन भेजा गया है कि विद्युत विभाग से 87% बिजली चोरी के साक्ष्य लिए जाएं। कार्यक्रम में नफीस अहमद खान, सिराज अहमद, जीतराम, हरीश लोधी, सुंदरलाल बौद्ध, सखावत हुसैन, रितिक कांत, नादिर सैफी, कमाल अहमद, मोहम्मद युनुस, ?म चंद्र आर्य, कैलाश पांडे, शंकर लाल, अनवर अंसारी, फिरोज खान, जीतराम, आर पी गंगोला , जमील अहमद जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति ने भी समर्थन दिया जिसमें मेंहदी हसन, कुलदीप सिंह, मोहम्मद अनीस, तहलीम अली रहे।

# हल्द्वानी में ज्वेलर्स की दुकान से डेढ़ करोड़ की चोरी, पुलिस के हाथ खाली

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

शहर के मुखानी थाना क्षेत्र में ज्वेलर्स की दुकान में हुई बड़ी चोरी ने पुलिस की रात्रि गश्त और सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी है। कुसुमखेड़ा चौराहा स्थित राधिका ज्वेलर्स से चोरों ने करीब डेढ़ करोड़ रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण और नकदी चोरी कर ली। घटना के 24 घंटे बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं, हालांकि पुलिस द्वारा शीघ्र खुलासे का दावा किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राधिका ज्वेलर्स के स्वामी रजत शर्मा शुक्रवार रात दुकान बंद कर घर चले गए थे। शनिवार को अवकाश के चलते दुकान बंद रही। रविवार सुबह जब दुकान खोली गई तो अंदर का नजारा देखकर उनके होश उ? गए। दुकान में सामान अस्त-व्यस्त प?ा था और ब?ी मात्रा में आभूषण गायब थे। चोरी की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि चोर गैस कटर समेत अन्य औजार मौके पर छो?कर फरार हो गए। चोरी में करीब 25 किलो चांदी, सोने के बहुमूल्य आभूषण और नकदी शामिल है। दुकान के समीप स्थित एक रेस्टोरेंट में लगे सीसीटीवी कैमरे में शुक्रवार रात चोरी की घटना कैद हुई है, जिसमें चार से पांच संदिग्ध वारदात को अंजाम देने के बाद दुकान से बाहर निकलते दिखाई दे रहे हैं।

स्थानीय लोगों ने बताया कि राधिका ज्वेलर्स से सटी एक दुकान लगभग एक माह पूर्व किराए पर ली गई थी। इस दुकान में कुछ लोग लगातार काउंटर और अन्य ढांचा तैयार करते नजर आ रहे थे। दुकान मालिक गौरव सिंह ने बताया कि उन्होंने यह दुकान हल्द्वानी निवासी जनक राज जोशी को किराए पर दी थी। किराएदार ने रेडीमेड गारमेंट्स का व्यवसाय करने की बात कही थी और किराया भी समय पर दिया गया, लेकिन आधार कार्ड व अन्य पहचान पत्र मांगने पर बहाने बनाए जाते रहे। मौके पर टूटी दीवार और गैस कटर मिलने से स्पष्ट है कि चोरी पूरी तैयारी और साजिश के तहत की गई। चोरों ने पहले बगल की किराए की दुकान से दीवार तो?ी और उसी रास्ते से ज्वेलर्स की दुकान में प्रवेश किया। इसके बाद उन्होंने इत्मीनान से सोने-चांदी के आभूषण और नकदी समेट ली। चोरों ने दुकान की तिजोरी को काटने का भी प्रयास किया, लेकिन उसमें वे सफल नहीं हो सके। रविवार को पुलिस के साथ फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाए। पुलिस आसपास के क्षेत्र में लगे सभी सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। फिलहाल पुलिस का कहना है कि जांच तेजी से की जा रही है और जल्द ही चोरी का खुलासा किया जाएगा, लेकिन इतनी ब?ी वारदात के बाद भी आरोपी पुलिस की पक? से बाहर हैं जिसने पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल कर रख दी है।

# आज से पांच दिनी विन्टर कार्निवाल का भव्य आयोजन

नैनीताल

हमारे संवाददाता

जनपद नैनीताल में शीतकालीन पर्यटन को प्रभावी रूप से प्रोत्साहित करने, स्थानीय संस्कृति, लोक कला, हस्तशिल्प एवं आजीविका से जुड़ी गतिविधियों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के विशेष मकसद से सरोवर नगरी नैनीताल में सोमवार से पांच दिनी विन्टर कार्निवाल का भव्य आयोजन किया जा रहा है।

अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) विवेक राय के मुताबिक विंटर कार्निवाल के दौरान नगर के विभिन्न प्रमुख स्थलों पर विविध सांस्कृतिक, पर्यटन एवं मनोरंजन से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्निवाल के अंतर्गत सांस्कृतिक झांकियां, लोकनृत्य एवं लोकगीतों की प्रस्तुतियां समेत बैंड शो, बोट रेस तथा दीप दान कार्यक्रम, फूड फेस्टिवल, टांकी बैंड, ऐपण प्रतियोगिता, विंटर लाइन, हस्तशिल्प प्रदर्शनी, एस्ट्रो टूरिज्म, आर्टिफिशियल रॉक कलाइंबिंग, नुक्कड नाटक तथा लाइट एंड साउंड शो सहित अनेक आकर्षण आमजन एवं पर्यटकों के लिए केंद्र बिंदु रहेंगे। कार्यक्रमों के सफ ल संचालन हेतु विभिन्न विभागों समेत स्थानीय संस्थाओं, सामाजिक संगठनों एवं स्वयं सहायता समूहों की सहभागिता सुनिश्चित की गई हैं। विंटर कार्निवाल से स्थानीय कलाकारों को मंच मिलने के साथ-साथ पर्यटन, होटल व्यवसाय, हस्तशिल्प एवं स्थानीय उत्पादों को भी बढ़ावा मिलेगा। प्रशासन द्वारा आमजन एवं देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों से अपील की गई है कि वे इस सांस्कृतिक महोत्सव में सहभागिता कर नैनीताल की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत एवं प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लें।



# बांग्लादेश में बढ़ती हिंसा चिन्ताजनक, हिंसा के इस अभूतपूर्व दौर को तुरंत रुकना चाहिए : माले

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

भाकपा माले पड़ोसी बांग्लादेश में तेजी से बढ़ती हिंसा और संगठित सार्वजनिक अशांति पर अपनी गहरी पीड़ा और गंभीर चिंता व्यक्त करती है। तोड़फोड़ और लक्षित हमलों की इस परेशान करने वाली लहर के हिंसा के इस अभूतपूर्व दौर को तुरंत रुकना चाहिए जिसमें पहले ही जान-माल का भारी नुकसान हो चुका है।

भाकपा माले द्वारा जारी बयान में कहा गया कि, कट्टरपंथी ताकतों द्वारा, युवाओं को सांप्रदायिक आधार पर लामबंद करते हुए, धार्मिक अल्पसंख्यकों, विपक्ष की आवाजों और प्रगतिशील सांस्कृतिक संस्थानों पर व्यवस्थित हमले शुरू हो रहे हैं। ढाका में प्रमुख मीडिया हाउस प्रथम आलो और द डेली स्टार पर हमले, और प्रसिद्ध सांस्कृतिक संगठनों छायानत एवं उदीची में की गई तोड़फोड़, लोकतांत्रिक और धर्मनिरपेक्ष मूल्यों पर सीधा प्रहार है। विपक्षी दलों के कार्यालयों को भी योजनाबद्ध तरीके से निशाना बनाया गया है।

हिंसा के इस अभूतपूर्व दौर को तुरंत रुकना चाहिए। हम बांग्लादेश प्रशासन से निर्णायक रूप से कार्रवाई करने, दोषियों की पहचान करने और त्वरित एवं अनुकरणीय सजा सुनिश्चित करने का आह्वान करते हैं।

हम बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार से अपेक्षा करते हैं कि वे फरवरी 2026 में होने वाले निर्धारित आम चुनावों से पहले समाज को अस्थिर करने और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को कमजोर करने के कट्टरपंथी ताकतों के इस सोचे-समझे प्रयास को विफल करने के लिए युद्ध स्तर पर हस्तक्षेप करेंगे। साथ ही, हम इस बात को लेकर भी बेहद चिंतित हैं कि भारत में फासीवादी और कट्टरपंथी ताकतें आगामी विधानसभा चुनावों में चुनावी लाभ के लिए, विशेष रूप से पश्चिम बंगाल में, %इस्लामोफोबिया% और सांप्रदायिक ध्रुवीकरण को भड़काने के लिए इन घटनाक्रमों का फायदा उठाने की कोशिश कर सकती हैं। भाकपा माले सभी वामपंथी, लोकतांत्रिक और धर्मनिरपेक्ष विचारधारा वाले नागरिकों से अपील करती है कि वे सांप्रदायिक उकसावे के प्रति सतर्क रहें और धार्मिक एवं सांस्कृतिक सीमाओं से परे सांप्रदायिक सद्भाव, बहुलवाद और लोकतांत्रिक अधिकारों के प्रति संवैधानिक प्रतिबद्धता को सक्रिय रूप से बनाए रखें।

## स्कूटी सवार अनियंत्रित होकर सड़क पर गिरा, गंभीर

**किच्छा।** हाइवे पर अनियंत्रित हुई स्कूटी के स?क पर दूर तक घिसटने पर घायल युवक की मृत्यु हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के मुताबिक कौशल्या एनक्लेव फेस 2 रुद्रपुर निवासी 30 वर्षीय सारनाथ पांडेय पुत्र शैलेन्द्र पांडेय निवासी रविवार दोपहर स्कूटी से पाइप लेकर रुद्रपुर की तरफ जा रहा था। देवरिया में अचानक स्कूटी अनियंत्रित होने के बाद हाइवे पर दूर तक घिसटती चली गयी।

# ट्रांसपोर्टर पर जानलेवा हमला, हत्या की धमकी

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

कोतवाली क्षेत्र के पीसीएफ कंपाउंड, धर्मपुरा के पास एक ट्रांसपोर्टर पर जानलेवा हमला किए जाने और खुलेआम हत्या की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ट्रांसपोर्टर शंकर कुमार भुटियानी,ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा है कि वह अपने भाई से मिलने जय दुर्गा ट्रांसपोर्ट कार्यालय पहुंचा था। कार्यालय बंद मिलने पर जैसे ही वह अपना वाहन मोड़ रहा था, तभी मौके पर मौजूद गगन सेठी ने अपने साथियों के साथ मिलकर उस पर अभद्र टिप्पणियां करते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी।

विरोध करने पर गगन सेठी ने किसी ठोस वस्तु से उसके सिर पर जोरदार हमला कर दिया। इसके बाद हाथापाई करने लगा। हमले में पीड़ित का चश्मा टूट गया और बाईं आंख पर गंभीर चोट आई। आरोप है कि हमलावर जाते-जाते सरेआम धमकी देता गया— भुटियानी, तुझे जिंदा नहीं छोड़ूंगा, जहां भी दिखा वहीं मार डालूंगा। घटना के बाद से पीड़ित और उसके परिजन दहशत में हैं। शंकर भुटियानी ने पुलिस को बताया कि उसे अपनी जान का गंभीर खतरा है और आरोपी कभी भी किसी बड़ी वारदात को अंजाम दे सकता है। पीड़ित ने बेस चिकित्सालय में कराए गए मेडिकल परीक्षण की रिपोर्ट पुलिस को सौंपते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की है। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है मामले की जांच की जा रही है।

# भूमि अधिग्रहण मूल्यांकन कार्य का सत्यापन, निरीक्षण

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता



राष्ट्रीय राजमार्ग 87 काठगोदाम-नैनीताल चौड़ीकरण परियोजना के भूमि अधिग्रहण मूल्यांकन कार्य का सत्यापन,अंश निर्धारण आदि के संबंध में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) शैलेंद्र सिंह नेगी द्वारा रविवार को राजस्व एवं राष्ट्रीय राजमार्ग सहित अन्य विभागों के अधिकारियों के क्षेत्र का निरीक्षण किया।

अपर जिलाधिकारी ने अवगत कराया कि वर्तमान में उक्त महत्वपूर्ण परियोजना के अंतर्गत भूमि अंश निर्धारण के संबंध में सर्वे का कार्य किया जा रहा है इसके उपरांत प्रतिकर निर्धारण कर उसका वितरण की कार्रवाई की जाएगी उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्यवाही शीघ्र करने की निर्देश दिए हैं।

निरीक्षण के दौरान प्रमोद सुयाल सहायक अभियंता राष्ट्रीय राजमार्ग प्रमोद सुयाल,तहसीलदार नैनीताल अक्षय भट्ट सहित राजस्व निरीक्षक व उप निरीक्षक,वन विभाग तथा उद्यान विभाग के अधिकारी कर्मचारी कंसलटेंसी कंपनी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## मासूम से दुष्कर्म के प्रयास के मामले ने पकड़ा तूल,कालोनी के लोग मिले एसपी सिटी से

**रुद्रपुर।** ट्रांजिट कैंप थाना क्षेत्र में मासूम से दुष्कर्म का प्रयास का तूल पकड़ रहा है । इस मामले वाले को कुछ लोगों ने मिलकर तीन लाख रुपये देकर दबा देने की चर्चा क्षेत्र में जोरों से चल रही है। वहीं दूसरी ओर इसी मामले में स्थानीय लोगों ने एसएसपी कार्यालय में शिकायती पत्र सौंपते हुए कार्रवाई की मांग की है। हालांकि एसएसपी के न मिलने पर वह एसपी सिटी डॉ उत्तम सिंह नेगी से मिले। उन्होंने घटना की किसी थाने से कराने की मांग की। थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र संजय नगर के आशीत बाला, अजीत सिंह, विकास मलिक, साधन मंडल, मानिक विश्वास, हीरा मोहन समेत तमाम लोग एसएसपी कार्यालय पहुंचे।